>

Title: Need to issue new B.P.L. Cards after conducting fresh survey in the country.

श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की तरफ दिलाना चाहता हूं। देश में वर्ष 2001-2002 की जनगणना के अनुसार गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों का सर्वे हुआ था और गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले तमाम लोगों के बीपीएल काड्र्स बनाये गये थे। आज देश में बीपीएल परिवारों की संख्या बहुत बढ़ गई है। इसलिए नये सिरे से बीपीएल परिवारों का सर्वे तथा बीपीएल कार्डों का सत्यापन कराकर नये बीपीएल काड्र्स दिया जाना जरूरी है। क्योंकि बीपीएल कार्डधारकों को केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकारों की तमाम सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

अध्यक्ष महोदया : आपकी बात आ गई है, अब आप समाप्त करिये।

श्री आर.के.सिंह पटेल : इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में बांदा और चित्रकूट जिलों में बीपीएल परिवारों की संख्या बहुत ज्यादा है और 2001 की जनगणना के अनुसार उनको कार्ड नहीं दिये हैं। इसलिए मैं मांग करता हूं कि नये मानक के अनुसार नये सिरे से उन्हें बीपीएल काड्र्स जारी किये जाएं।

---

* Not recorded.